
# <u>बीएचईएल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार को 55 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश भुगतान किया</u>




**नई दिल्ली, 18 सितम्बर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने भारत सरकार को वर्ष 2023-24 के लिए 55 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है।**

**इस संबंध में, भारत सरकार द्वारा धारित इक्विटी (63.17%) पर अंतिम लाभांश के लिए एक चेक, श्री एच.डी. कुमारस्वामी, माननीय केंद्रीय मंत्री (भारी उद्योग एवं इस्पात) को श्री के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल द्वारा, श्री कामरान रिज़वी, सचिव (एचआई) की उपस्थिति में प्रदान किया गया।**

**इस अवसर पर बीएचईएल के निदेशक और भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।**

**गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी के शेयरधारकों को दिया गया कुल लाभांश 87 करोड़ रुपये से अधिक है।**

*****